# प्रादेशिक समाचार
## 02.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क–ओएनडीसी ने छोटे व्यापारियों के सशक्तीकरण और ई–कॉमर्स के क्षेत्र में क्रांति लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मोदी सरकार ने ओएनडीसी की शुरुआत भारत में ई–कॉमर्स को लोकतांत्रिक बनाने के उद्देश्य से 2021 में की थी। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में इसने असंख्य उपलब्धियां हासिल की हैं और अपने नेटवर्क पर एक समान मंच का निर्माण करके व्यापारियों, विशेष रूप से लघु उद्यमियों के सशक्तिकरण में मदद की है।

******************

राज्य के कृषि निदेशक श्री कुमार ताराचंद ने हजारीबाग में माधोपुर केज साइट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने केज कल्वर तकनीक से हो रहे मछली पालन की प्रगति का निरीक्षण किया। कृषि निदेशक ने मत्स्य मित्रों के साथ केज कल्वर तकनीक के माध्यम से क्षेत्र में संभावित विकास और किसानों की आयवृद्धि पर चर्चा की। उन्होंने मत्स्य पालन के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

******************

पिछले वर्ष दिसंबर महीने में कुल वस्तु और सेवाकर– जीएसटी संग्रह में, वर्ष 2023 की इसी अवधि की तुलना में 7 दशमलव 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह एक लाख 77 हजार करोड़ रुपये हो गया।

******************

राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान अलग–अलग घटनाओं में 21 लोगों की मौत हो गयी। सबसे ज्यादा पांच लोगों की मौत हजारीबाग में कुएं में डूबने से हो गयी। धनबाद शहर के धनसार थाना क्षेत्र स्थित मनईटांड छठ तालाब के समीप एक युवक की कुएं में गिरने से मौत हो गयी जबकि लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत डिग्री कॉलेज के पास भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत की खबर है। गुमला जिले में सड़क दुर्घटनाओं में तीन बाइक सवारों की जान चली गयी। जमशेदपुर, खूंटी और देवघर में भी सड़क हादसे में दो–दो लोगों की मौत हुई है। रांची और रामगढ़ में भी सड़क दुर्घटनाओं में एक–एक व्यक्ति की जान गयी है। खूंटी जिले में हाथियों ने दो लोगों की जान ले ली है।

******************

एक्सएलआरआई जमशेदपुर के वार्षिक मेला मैक्सी फेयर के आयोजन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गयी हैं।

******************

गढवा जिले का बूढ़ा पहाड़ कुछ समय पहले तक नक्सलियों का गढ़ माना जाता था लेकिन अब यहां सुरक्षा बलों का कब्जा है और इस क्षेत्र में अब पूरी तरह अमन चैन बहाल हो गया है। लोग बूढा पहाड़ पर पिकनिक मनाने लिए पहुंच रहे हैं। बूढ़ा पहाड़ पर नागरिकों की हलचल बढ़ने से सुरक्षा बल भी उत्साहित है। सीआरपीएफ 172 बटालियन के कमांडेंट एनके सिंह कहते हैं कि इस क्षेत्र में लोगों की आवाजाही इस बात का प्रमाण है कि अब यहां पूरी तरह से अमन–चैन लौट आया है।

साहिबगंज जिले में पीएम जनमन योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस सिलसिले में आज मोबाइल मेडिकल यूनिट के जरिये विभिन्न प्रखंडों के दस गांवों को चिकित्सा सेवा दी जा रही है। बड़ी संख्या में लोग केन्द्र सरकार की योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

*******समाप्त*******